A **609**

पहला कार्यकालात मूल्याकन- 2017-18

हिंदी

कक्षा- 6 समय : 2 घंटे

सूचना :
- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए है।
- किन्हीं **पाँच** गतिविधियों को चुनें और उत्तर लिखें।

गतिविधि -1

सूचना :- चित्रकथा के चित्र देखें और उत्तर लिखें।

(क) चित्रकथा के अनुसार घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- रास्ते में उसने एक भूखी स्त्री को देखा।
- मीनू सबेरे स्कूल जा रही थी।
- स्कूल सभा में अध्यापक और मित्रों ने उसकी खूब प्रशंसा की।
- मीनू ने अपना भोजन उस स्त्री को खिलाया।

(ख) चित्रकथा के लिए उचित शीर्षक दें।

गतिविधि -2

सूचना :- कवितांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> वर्षा रानी वर्षा रानी,
> रिमझिम-रिमझिम बरसो पानी।
> खेतों में तुम बरसो पानी,
> ताल-तलैया भर लो रानी।
> ....
> ....

(क)कवितांश से तुकांत शब्द चुनकर लिखें।
(ख) कवितांश के साथ पंक्तियाँ जोड़ें।

गतिविधि -3

सूचना :- चित्रवाचन करें और निर्देशानुसार लिखें।

बारिश के आने से प्रकृति में अनेक बदलाव आते हैं।

(क) *चित्र के आधार पर बारिश के आने से प्रकृति में होनेवाले तीन बदलाव लिखें।*
(ख) चित्र से दो जानवरों को चुनकर लिखें।

गतिविधि -4

सूचना :- खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> इस साल भी बारिश कम है। नदी-नालों में पानी कम होने लगा है। मनुष्य पेड़ काटते हैं, पहाड़ों को तोड़ते हैं, इनसे प्रकृति का नाश होता है। बारिश के कम होने का यही कारण है।

(क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

(1) पेड़ लगाने से बारिश कम होती है।

(2) प्रकृति के नाश से बारिश कम होती है।

(ख) प्रकृति संरक्षण पर एक पोस्टर तैयार करें।

गतिविधि -5

सूचना :- कवितांश पढ़ें और उत्तर लिखें।

> भारत मेरा प्यारा देश,
> सब देशों से न्यारा देश।
> हिंदु-मुस्लिम भाई-भाई,
> मिलकर रहते सिख-ईसाई।
> धरती इसकी सबसे सुंदर,
> उत्तर में है खड़ा हिमालय,
> दक्षिण में लहराता सागर।
> भारत मेरा प्यारा देश।

क) कवितांश के अनुसार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

(1) भारत के उत्तर में सागर लहराता है।

(2) भारत की धरती सुंदर नहीं है।

(3) भारत में सब लोग मिल-जुलकर रहते हैं।

(4) भारत के दक्षिण में हिमालय खड़ा है।

(ख) सही मिलान करके लिखें।

क	ख
भारत	लहराता सागर
दक्षिण में	मिलकर रहते
उत्तर में	प्यारा देश
सिख-ईसाई	खड़ा हिमालय

गतिविधि -6

सूचना : वर्गपहेली बुझाएँ।

1			3
2			
	4		
	5		

→1

↓2


↓3


→4

→5